तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 8 अगस्त 2025

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]



10 फोर लेन बाईपास निर्माण के लिए सांसद ...






11 पेंड्रावन जलाशय में 13 फीट जलभराव




# मुख्यमंत्री की घोषणा हुई साकार, हाई मास्ट लाइट से रौशन हुआ बल्दाकछार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में सुशासन तिहार का तीसरा चरण सकारात्मक बदलावों का प्रतीक बनता जा रहा है। मुख्यमंत्री साय की घोषणा को अमलीजामा पहनाने कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री की घोषणा पर वनांचल क्षेत्र में बसा विशेष पिछड़ी जनजाति कमार बाहुल्य ग्राम बल्दाकछार में क्रेड़ा द्वारा सोलर हाई मास्ट लाइट लगाने का काम पूरा किया गया है। अब बल्दाकछार के लोगों क़ो रात में भी दिन के उजाले का अहसास हो रहा है। गांव में ऐसी प्रकाश व्यवस्था होने पर ग्रामीणों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की और शासन- प्रशासन क़ो धन्यवाद दिया।गौरतलब है कि सुशासन तिहार अंतर्गत 9 मई को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आकस्मिक निरीक्षण में विकासखंड कसडोल के ग्राम बल्दाकछार पहुंचे थे। यहां ग्रामीणों से रूबरू होने के दौरान ग्रामीणों ने गांव में अंधेरे की समस्या को लेकर हाई मास्ट लाइट लगाए जाने की मांग की थी। मुख्यमंत्री साय ने ग्रामीणों की मांग को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर क्रेडा विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्रामीणों की सहमति पर गांव के गुड़ी चौक एवं कमारपारा में सोलर सयंत्र युक्त हाई मास्ट लाइट स्थापित कर दी गई है।

## मुख्यमंत्री से गिनाई थी गांव में बिजली की समस्या





### शासन की संवेदनशीलता और कार्यकुशलता का उदाहरण

अब गुड़ी चौक और कमारपारा क्षेत्र रात्रि में भी पूरी तरह रोशन हो गए हैं, जिससे ग्रामीणों को सुरक्षा एवं आवागमन में सुविधा मिली है। क्रेडा विभाग के इंजीनियर ने बताया कि हाई मास्ट लाइट की स्थापना हेतु स्थल चयन ग्राम सरपंच एवं स्थानीय ग्रामीणों के साथ संयुक्त रूप से किया गया। चयन के उपरांत गुड़ी चौक एवं कमारपारा में हाई मास्ट संयंत्र सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया है। राज्य सरकार की सुशासन तिहार जैसी पहल यह सिद्ध करती हैं कि जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक तंत्र की सजगता से जनसमस्याओं का त्वरित समाधान संभव है। ग्राम बल्दाकछार में अंधेरे से प्रकाश की ओर यह बदलाव, शासन की संवेदनशीलता और कार्यकुशलता का प्रत्यक्ष उदाहरण है।

## खबर संक्षेप

### स्व सहायता समूह ने नपा अध्यक्ष को बांधी रखी




**बलौदाबाजार।** स्थानीय पंचशील नगर के प्रगति महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा रक्षाबंधन आगमन के साथ ही नगर पालिका कार्यालय में पालिका अध्यक्ष अशोक जैन को रक्षा सूत्र बांधकर उनके दीर्घायु जीवन की कामना की। नगर में अच्छे कार्य करने एवं विकास के प्रति सकारात्मक सोच के साथ-साथ पंचशील नगर सहित संपूर्ण नगर में चल रहे विकास कार्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए रक्षाबंधन बांधकर महिला समूह द्वारा शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर प्रगति महिला स्व-सहायता समूह की प्रिया वर्मा, श्वेता वर्मा, रानू साहू, पायल यादव, जया सरकार, के द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन को राखी बांधी गई । नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने इस सम्मान के प्रति महिला प्रगति स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### अंतरराष्ट्रीय मंच पर रितु सिंह का हुआ सम्मान



**भटगांव।** अंतर्राष्ट्रीय मानव सामाजिक न्याय संगठन का दसवां वार्षिक अधिवेशन विगत दिनों राजधानी जयपुर के कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान में हुआ। इसमें देशभर के 27 राज्यों से संगठन के प्रतिनिधि सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह की अध्यक्षता में व मुख्य अतिथि सुनील गोस्वामी, मेजर जनरल अनुज माथुर सहित कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों व समाजसेवियों की उपस्थिति में अधिवेशन संपन्न हुआ। इसी मंच पर छत्तीसगढ़ ▶▶ शेष पेज 11 पर

## आयोजन : बच्चों ने पुलिस अधिकारियों को बांधी राखी और लिया आशीर्वाद

# रक्षाबंधन मिलन समारोह में गूंजी राखी की मिठास पुलिस प्रशासन ने बच्चों के संग मनाया त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला पुलिस ने रक्षाबंधन पावन पर्व पर रक्षाबंधन मिलन समारोह का आयोजन पुलिस कम्युनिटी हॉल में किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। आयोजन में वर्धमान विद्यापीठ एवं पाठशाला स्कूल बलौदाबाजार के नन्हें-मुन्नें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत आरक्षक दिनेश नेताम द्वारा रक्षाबंधन पर एक भावनात्मक गीत की प्रस्तुति से हुई, जिसने माहौल को भावविभोर कर दिया। इसके बाद बच्चों ने क्रमवार पुलिस अधिकारियों को राखी बांधी और उन्हें शुभकामनाएं दीं। बच्चों को अपने बीच पाकर पुलिस अधिकारी विशेष रूप से उत्साहित नजर आए।पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए बच्चों की उपस्थिति पर दोनों स्कूलों के प्राचार्यों पूजा जैन एवं पल्लवी अग्रवाल का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन पुलिस और समाज के बीच आपसी विश्वास और सहयोग को बढ़ावा देते हैं। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक ▶▶ शेष पेज 11 पर







### शहर में सजीं राखी की दुकानें दुकानों में दिखने लगी भीड़



**खरोरा।** रक्षाबंधन का त्योहार नजदीक आते ही राखियों के बाजार सजकर तैयार हो गया है। इस बार 9 अगस्त को रक्षाबंधन पड़ रहा है। ऐसे में राखी का बाजार गुलजार हो गया है। इस बार राखियों की कीमतों में 15-20 प्रतिशत तक की वृद्धि देखी जा रही है। इसके बाद भी बहन भाइयों को राखी बांधने के लिए खरीदारी कर रही है। हालांकि इस बार भी बाजारों में रौनक कम है, लेकिन आगामी दिनों में भीड़ बढ़ने की संभावना है। इस बार मार्केट में तरह-तरह के नए-नए वैरायटी के राखी उतारे गए हैं। खरीदारों ने बताया कि, राखियों के दाम इस बार भी बढ़ गया है। पर क्या करे खरीदना तो पड़ेगा ही। इस बार बाजारों में रक्षाबंधन पैकेट भी देखने को मिल रहा है, जिसमें सभी रक्षाबंधन से जुड़ी सभी सामग्री एक साथ पैक किए हुए हैं। इधर, मिठाई की दुकानों में भी काफी भीड़ देखने को मिल रही है। पैसे तो प्यार के धागे की कोई कीमत नहीं होती है, लेकिन हर बहन चाहती है कि जो अपने भाई की कलाई पर सबसे खूबसूरत और महंगी राखी बांधे, इसलिए वे अपनी पसंद की राखियां खरीद रही हैं। मेन रोड किनारे राखियों के फड़ सज गए हैं। विक्रेताओं ने मुकेश देवांगन ने बताया कि राजस्थान, बंगाल, दिल्ली आदि से तरह-तरह की राखियां बिक्री के ▶▶ शेष पेज 11 पर

### आत्मानंद स्कूल में हुई भव्य राखी प्रतियोगिता



**खरोरा।** रक्षाबंधन पर्व पर स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ अमेरी में राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं ने अपने भाइयों की कलाई पर आत्मीयता, प्रेम और सुरक्षा के प्रतीक सुंदर-सुंदर राखियां बांधी। इस आयोजन ने विद्यालय परिसर को उल्लास, उत्साह और भाईचारे के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक सावित्री वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया, जिन्होंने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों में भारतीय परंपराओं, सामाजिक मूल्यों और पारिवारिक संस्कारों के प्रति सम्मान और समझ विकसित होती है। राखी प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी कलात्मक प्रतिभा और रचनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन करते हुए आकर्षक राखियों का निर्माण किया। प्रतियोगिता के साथ-साथ सभी छात्राओं ने भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को सजीव करते हुए भाइयों को राखियां बांधी और एक-दूसरे के मंगल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं सुषमा वर्मा, जानकी साहू, योगेश्वरी वर्मा, शांति वर्मा, आशा किरण धीवर, ज्योति वर्मा, कुसुम वर्मा, संगीता वर्मा, लोचन सेन और भारती सेन विशेष रूप से उपस्थित रहीं। सभी शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम की तैयारियों में सहयोग देकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और आयोजन को अत्यंत सफल बनाया। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना, पारिवारिक भावना, आपसी स्नेह और ▶▶ शेष पेज 11 पर



# पहंदा में मनाया गया स्तनपान सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के पर्यवेक्षण में जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) द्वारा जिला स्तरीय बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अंतर्गत स्तनपान सप्ताह परियोजना बलौदाबाजार गुरु घासीदास वार्ड 9 एवं ग्राम पहंदा में स्तनपान सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक प्रीति नवरत्न द्वारा स्तनपान से होने वाले लाभ के बारे में उपस्थित महिलाओं को जानकारी दी गई। शिशु के लिए, मां का दूध एक संपूर्ण आहार होता है। इसमें सभी जरूरी पोषक तत्व, विटामिन और मिनरल सही मात्रा में मौजूद होते हैं। यह बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है, जिससे वह संक्रमण, एलर्जी और अन्य बीमारियों से सुरक्षित रहता है। इस कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्प लाइन 181, सखी वन स्टाप सेंन्टर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पालना, चाईल्ड हेल्प लाईन 1098 एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वित्तीय साक्षरता एवं समन्वयक विशेषज्ञ कौशिल्या सोनवानी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं, सहायिकाएं, हितग्राही एवं अन्य बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बिजली बिल में बढ़ोतरी, कांग्रेस ने किया विरोध



**संडी बंगला।** ब्लॉक कांग्रेस के महामंत्री डॉ. बिसेसर वर्मा ने भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर भाजपा ने गरीब और मध्यम वर्ग के बजट को पूरी तरह से बिगाड़ दिया है। भाजपा सरकार बनने से पहले महंगाई कम करने के बड़े-बड़े वादे किए गए थे, लेकिन सत्ता में आने के बाद महंगाई को नियंत्रण में रखने के बजाय लगातार बढ़ाने का काम किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने कांग्रेस शासनकाल में शुरू की गई 400 यूनिट तक ▶▶ शेष पेज 11 पर

# पटवारियों की ऑनलाइन हड़ताल 16 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



छत्तीसगढ़ राजस्व पटवारी संघ ने राज्य सरकार से लंबित मांगों को लेकर एक बार फिर मोर्चा खोल दिया है। संघ ने 16 अगस्त से प्रदेशव्यापी ऑनलाइन कार्य बहिष्कार का ऐलान किया है। इस संबंध में जिला बलौदाबाजार सहित सभी जिलों में कलेक्टर और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया है। पटवारी संघ का कहना है कि विगत वर्ष दिसंबर 2024 में संसाधन भत्ता देने की मांग को लेकर प्रांत स्तरीय ऑनलाइन हड़ताल की गई थी।

- लंबित मांगों को लेकर एक बार फिर खोला मोर्चा

उस समय सरकार ने मांगों को स्वीकार करते हुए बजट में संसाधन भत्ता शामिल करने की घोषणा भी की थी। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने भत्ता देने की सहमति जताई थी, परंतु आज तक यह भत्ता पटवारियों को प्राप्त नहीं हुआ है। इससे नाराज होकर संघ ने पुनः आंदोलन का रास्ता चुना है।

ऑनलाइन हड़ताल का सबसे ज्यादा असर किसानों पर पड़ने वाला है, क्योंकि यह गिरदावरी का समय है। खेतों में फसल निरीक्षण के बाद ऑनलाइन एंट्री ही खाद-बीज वितरण, धान खरीदी, ऋण वितरण और अन्य कृषि योजनाओं की नींव होती है। ऐसे में पटवारियों के कार्य न करने से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इसके ▶▶ शेष पेज 11 पर

## जनप्रतिनिधियों ने एक पेड़ मां के नाम किया पौधारोपण

# पर्यावरण संरक्षण और शहर की सुंदरता के लिए पौधारोपण आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर पालिका द्वारा स्थानीय मुरुम तालाब सौंदर्यीकरण स्थल पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के पौधों को लगाया गया व पर्यावरण को संरक्षित रखे जाने विभिन्न प्रकार के पौधे लगाये गये। इस दौरान पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा भाटापारा, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू, पूर्व विधायक सनम जांगड़े, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुलोचना यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता टेसूलाल धुरंधर, सोनचंद स्मृति फाउंडेशन के पुष्पराज वर्मा,



नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महले सहित अन्य अतिथियों द्वारा पौधारोपण किया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि शहर में सुबह घूमने के लिए स्वच्छ वातावरण एवं पर्यावरण साफ एवं स्वच्छ रहना चाहिए। इसी को ध्यान में रखकर मुरूम तालाब स्थल में पौधारोपण कर तालाब क्षेत्र को हरियाली से परिपूर्ण बनाने के साथ ही नगरवासियों को सुकून से घूमने व बच्चों के मनोरंजन हेतु उक्त स्थल को सौन्दर्यीकरण करते हुए बेहतर बनाने की कार्य योजना तैयार की गई है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी आशीष तिवारी ने कहा कि शहर की सुंदरता के लिए पौधारोपण बहुत आवश्यक है, इसके लिए सर्वप्रथम पौधारोपण कर सुंदरता बढ़ाने एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पौधारोपण कार्यक्रम में भाजपा नेता कृष्णा अवस्थी, राकेश तिवारी, ▶▶ शेष पेज 11 पर


बालाजी प्रा. आई.टी.आई
ITI BHATAPARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा
89595-93918 • 98261-76302

## खबर संक्षेप

### आवासीय योग, यज्ञ प्रशिक्षण और कार्यशाला 10 से

**रायपुर**। अग्रसेन धाम जोरा में चार दिवसीय 10 से 13 अगस्त तक आवासीय योग, यज्ञ प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम भारत स्वाभिमान, पतंजलि योग परिवार छग और अग्रवाल सभा द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम प्रतिदिन प्रात : 5.30 बजे योग सत्र शुरू होगा। यह जानकारी पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान के राज्य महामंत्री राम शर्मा ने देते हुए बताया कि इस विशेष कार्यक्रम का मार्गदर्शन योग ऋषि स्वामी रामदेव महाराज के शिष्य स्वामी परमार्थ देव महाराज करेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य योग, यक्ष, साधना एवं प्रशिक्षण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण, आत्मविकास तथा आध्यात्मिक उत्थान को सशक्त करना है। प्रतिभागियों को स्वामी जी के सान्निध्य में शारीरिक, मानसिक और आत्मिक ऊर्जा का अनुभव प्राप्त होगा।

### बादल फटने से बड़ा हादसा, साईं नगर जोरा ने दी श्रद्धांजलि



**रायपुर**। श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साईं नगर जोरा द्वारा बुधवार को एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस शोक सभा में जिसमें गंगोत्री से 18 किलोमीटर पहले धराली उत्तरकाशी में बादल फटने से बड़ा हादसा हुआ है, जिसमें कई लोगों की असमय मृत्यु हो जाने की दुखद घड़ी में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही शोकाकुल परिवारों के प्रति यही संवेदना व्यक्त की गई कि भगवान उनके परिजनों को इस दुख को सहन करने की असीम शक्ति प्रदान करें। श्रद्धांजलि देने वालों में समिति के डॉ देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी, छोटेलाल ठाकुर, मिथिलेश श्रीवास्तव, सीएस चतुर्वेदी, सुरेश सोनी आदि आदि शामिल रहे।

# तहसीलदारों की हड़ताल समाप्त, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के साथ बैठक में मांगों पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के तहसीलदार-नायब तहसीलदारों ने बुधवार को अपनी हड़ताल खत्म कर दी है। 28 जुलाई से 17 सूत्रीय मांगों को लेकर वे आंदोलन कर रहे थे। छत्तीसगढ़ प्रशासनिक सेवा संघ के पदाधिकारियों ने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के साथ बैठक की। इस पर विभागीय मंत्री ने गंभीरता से विचार कर ठोस पहल करने का आश्वासन दिया। राजस्व मंत्री की पहल पर राजस्व अधिकारियों के मांगों पर सहमति के बाद आंदोलन समाप्त हो गया है। इसके साथ ही प्रदेशभर में रुके हुए नामांतरण, सीमांकन, भू अधिकार और अभिलेख जैसे कार्यों को एक बार फिर गति मिलेगी।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के साथ छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों की बैठक के बाद तहसीलदारों ने अपनी हड़ताल समाप्त कर दी है। गुरुवार से वे काम पर लौट आएंगे। 17 सूत्रीय मांगों और समस्याओं को लेकर बैठक में संघ के प्रतिनिधियों के साथ विस्तार से चर्चा हुई। इसमें मंत्री टंकराम वर्मा ने गंभीरता से विचार कर ठोस पहल का आश्वासन दिया है।

तहसीलदारों का आंदोलन समाप्त होने से प्रदेश भर के राजस्व कार्यालयों में कामकाज जहां सामान्य होगा, वहीं आम जनता को राहत मिली है। संघ ने शासन की तत्परता और समाधानात्मक रुख की सराहना करते हुए भरोसा जताया कि लंबित विषयों पर आगे भी संवेदनशील निर्णय लिए जाएंगे। बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के प्रांताध्यक्ष कृष्णकुमार लहरे, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत सिंह राठौर, प्रदेश सचिव प्रशांत पटेल, प्रदेश प्रवक्ता शशिभूषण सोनी सहित संघ के अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।



- 17 सूत्रीय मांगों लेकर आंदोलन, 10वें दिन हड़ताल खत्म
- नामांतरण, सीमांकन, भू अधिकार अभिलेख जैसे कार्यों को मिलेगी गति

### कार्रवाई का दिया आश्वासन

डिप्टी कलेक्टर के पदों पर पदोन्नति/ सीधी भर्ती पर 50:50 अनुपात की बहाली पर कार्यवाही की जाएगी। राजस्व अधिकारियों को राजपत्रित दर्जा दिए जाने की मांग पर नायब तहसीलदार एवं तहसीलदार को राजपत्रित करने संबंधी प्रस्ताव पर शासन ने त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। लंबित पदोन्नति प्रकरणों का निराकरण करते हुए नायब तहसीलदारों एवं तहसीलदारों के लंबित ग्रेड पे और पदोन्नति मामलों का शीघ्र निपटारा किया जाएगा। इसी तरह सभी तहसीलों में कार्यरत अधिकारियों को प्रोटोकॉल एवं लॉ एंड ऑर्डर ड्यूटी के लिए शासकीय वाहन व चालक की सुविधा उपलब्ध कराए जाने का आश्वासन मिला है। राजस्व विभाग में बिना वैध प्रक्रिया के निलंबन अथवा अभियोजन से प्रभावित अधिकारियों की स्थिति की 15 दिवस के भीतर जांच कर बहाली की कार्यवाही की जाएगी।

## पीडब्लूडी के अभियंताओं के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम

# साव ने कहा- अभियंताओं को नए मानकों और नवाचारों से अपडेट रहना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव बुधवार को भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं के लिए आयोजित क्षमता निर्माण कार्यक्रम में शामिल हुए। भारतीय मानक ब्यूरो के रायपुर कार्यालय द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। देशभर से आए विषय विशेषज्ञ कार्यक्रम में अभियंताओं को अलग-अलग तरह के निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सामग्री और कार्यों के नए मानकों की जानकारी दे रहे हैं। लोक निर्माण विभाग के विभिन्न जिलों के अभियंता इसमें हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता और सहायक अभियंता शामिल हैं।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने क्षमता निर्माण कार्यक्रम में कहा कि लगातार बदल रही तकनीकों, जरूरतों और अनुसंधानों के बीच नए मानकों और नवाचारों से अपडेट रहना जरूरी है। एक इंजीनियर के रूप में सम-सामयिक तकनीकी पहलुओं और उनके नवीन मापदंडों की जानकारी आवश्यक है। अलग-अलग तरह के निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने में इनकी अच्छी जानकारी काफी मददगार होती है। उन्होंने भारतीय मानक ब्यूरो को क्षमता निर्माण कार्यक्रम के आयोजन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे हमारे अभियंताओं की दक्षता और क्षमता बढ़ेगी। उप मुख्यमंत्री ने अभियंताओं को संबोधित करते हुए कहा कि निर्माण उद्योग में अलग-अलग कंपनियों और आपूर्तिकर्ताओं की भिन्न-भिन्न गुणवत्ता और कीमत वाली सामग्री मौजूद हैं। गुणवत्ता और मानकों की अच्छी जानकारी रहने से आप सही सामग्री का चयन कर सकते हैं। आपके पर्यवेक्षण में हो रहे कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी आपकी है।




### ये थे मौजूद

भारतीय मानक ब्यूरो के विशेषज्ञ दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं को अलग-अलग सत्रों में सिविल और इलेक्ट्रिकल कार्यों के मानकों की जानकारी दे रहे हैं। सिविल कार्यों में रिसोर्स पर्सन के रूप में भारतीय मानक ब्यूरो के विशेषज्ञ डीएस धपोला, डॉ. आदित्य प्रताप सान्याल, डॉ. आरपी देवांगन, डॉ. प्रवीण निगम और डॉ. ललित कुमार गुप्ता नए मानकों और मापदंडों की जानकारी दी। भारतीय मानक ब्यूरो के क्षेत्रीय निदेशक सुमन कुमार गुप्ता और वैज्ञानिक मधुरिमा माधव संयुक्त निदेशक फालेन्द्र कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

# कांग्रेस का आरोप- हाफ बिजली बिल योजना बंद करना जनता पर सीधा अत्याचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार द्वारा हाफ बिजली बिल योजना बंद किए जाने की निंदा करते हुए इसे आम जनता के खिलाफ एक जनविरोधी फैसला बताया। कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस योजना के बंद होने से गरीब एवं मध्यवर्गीय परिवारों पर बिजली बिल का भारी बोझ पड़ रहा है। कांग्रेस सरकार ने 400 यूनिट तक के उपभोग पर बिजली बिल हाफ किया था, जिससे प्रदेश के 44 लाख से अधिक परिवारों को राहत मिली थी। अब भाजपा सरकार ने इसे घटाकर 100 यूनिट कर दिया है, जिससे बड़ी संख्या में उपभोक्ता योजना से बाहर हो गए हैं।शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस भवन गांधी मैदान में एक संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा ने कहा, भाजपा सरकार गरीबों के अधिकार छीन रही है। कांग्रेस सरकार ने जनता को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना शुरू की थी, जिसे भाजपा ने बंद कर दिया। हम चुप नहीं बैठेंगे, जनता के हक के लिए सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ेंगे।

- कांग्रेस का प्रदेश स्तरीय आंदोलन आज




### गांव-गांव जाकर उठाएंगे मुद्दा

*पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने कहा, रायपुर जैसे शहरी क्षेत्रों में भी लोग अब बिजली बिल से त्रस्त हैं। स्मार्ट मीटर के नाम पर लूट मची हुई है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा, जब कांग्रेस की सरकार थी, तो 24 घंटे बिजली मिलती थी। आज गांव-शहर दोनों में बिजली संकट है। भाजपा सिर्फ उद्योगपतियों की चिंता करती है, जनता की नहीं। ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष उधो राम वर्मा ने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली के बिलों ने लोगों की कमर तोड़ दी है।*

## 400 यूनिट फ्री बिजली बंद करने के पीछे अडानी की सोलर कंपनी को फायदा पहुंचाना है : धनेन्द्र

रायपुर। छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं किसान नेता धनेन्द्र साहू ने आरोप लगाया है कि राज्य में 400 यूनिट तक बिल बिजली हाफ योजना अडानी की सोलर कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए बंद की गई है। यह योजना पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय लागू की गई थी।

श्री साहू ने कहा कि वर्तमान की भाजपा सरकार ने बंद कर 100 यूनिट तक हाफ कर दिया गया है। यह भाजपा सरकार द्वारा महतारी योजना का जो 1000 रुपए की राशि महिलाओं को दी जा रही है, उसकी वसूली बिजली बिल बढ़ा कर की जा रही है। उस 1000 रुपये की वसूली के लिए ही कांग्रेस सरकार की 400 यूनिट बिजली हाफ योजना बंद की जा रही है।

**उपभोक्ता पहले ही हैं परेशान** : उन्होंने कहा है कि बिजली उपभोक्ता जनता स्मार्ट मीटर की मार अलग से झेल रहे हैं। पहले से ही उसके कारण मनमाना बिजली बिल आ रहा है। बिजली उपभोक्ताओं को जो 400 यूनिट हाफ योजना से राहत मिलती थी, अब वह भी नहीं मिल पाएगी। इससे गरीब जनता और मध्य वर्ग बुरी तरह से बर्बाद हो जायेंगे, क्योकि बिजली हर घर की आवश्यकता हो चुकी है।

### योजना को बंद करने के पीछे संदेह

धनेंद्र साहू के अनुसार 400 यूनिट हाफ योजना को बंद करना कहीं न कही ये संदेह पैदा करता है कि ये जो प्रधानमंत्री की सूर्य घर योजना है, जिसमें 90 प्रतिशत सोलर पैनल के विभिन्न उपकरण अडानी द्वारा उत्पादित होता है और अडानी के इसी सोलर पैनल को बेचने के लिए ही केन्द्र सरकार सब्सिडी दे रही है और राज्य सरकार ने भी सब्सिडी देना प्रारम्भ कर दिया है।

# फोर लेन बाईपास निर्माण के लिए सांसद से मिला प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



जांजगीर लोकसभा के सांसद कमलेश जांगड़े के निवास मसनिया कला सक्ती में भटगांव सरसींवा के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल द्वारा बाईपास निर्माण के लिए ज्ञापन सौंपा गया, जिसे सांसद ने मांगों को ध्यान एवं अत्यंत गंभीरता से सुना एवं दिल्ली में केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात के लिए समय लेने का भी आश्वासन दिया।

130 बी नेशनल हाईवे रायपुर से सारंगढ़ व्हाया बलौदाबाजार होते हुए 4 लेन सड़क का निर्माण होना है, जिसमें नगर पंचायत भटगांव एवं नगर पंचायत सरसीवा दोनों एक अत्यंत महत्वपूर्ण व्यावसायिक केंद्र हैं, जहां के नागरिकों द्वारा बाईपास सड़क निर्माण की मांग की जा रही है, प्रतिनिधिमंडल में सरसींवा से अखिलेश केशरवानी, सिंकु केशरवानी, कान्हा अग्रवाल, दीपक यादव एवं भटगांव से नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन, सुरेंद्र पटेल, टेकचन्द केसरवानी, गुड्डा साहू, प्रकाश केशरवानी, श्याम साहू आदि उपस्थित थे।

## सरोना मार्ग पर पशुओं को छोड़ने वाले डेयरी संचालक पर होगी एफआईआर दर्ज

**रायपुर**। शहर के चौराहों, बाजार क्षेत्रों और रहवासी इलाकों में मवेशियों को खुला छोड़ने वाले पशुपालकों पर नगर निगम अब शिकंजा कसने लगा है। जोन 8 क्षेत्र के संत रविदास वार्ड में पार्थिव प्रोविंस के पास मुख्य मार्ग पर डेयरी संचालक अरविंद सिंह ठाकुर द्वारा अपनी डेयरी के पशुओं को बार-बार की समझाइश दिए जाने के बाद भी सड़क मार्ग पर छोड़े देने को लेकर डीडी नगर पुलिस थाना के प्रभारी के पास निगम अमले ने शिकायत कर एफआईआर दर्ज करने आवेदन किया है। वहीं 2 डेयरी संचालक हरिनंद झा पर 1 हजार रुपये और प्यारेलाल यादव पर 2 हजार रुपये का ई-चालान कार्रवाई की गयी। महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने जोनवार आवारा मवेशियों के धरपकड़ का अभियान तेज कर दिया है। इसके साथ ही संबंधित डेयरी संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गयी। 5 पशुओं को काउकेचर दस्ते ने गोठान भेजा है। इधर नगर निगम जोन 4 के स्वास्थ्य अधिकारी ने सिटी कोतवाली थाना प्रभारी को वार्ड 57 के मार्गों पर खुले में पशुओं को छोड़ने के कारण आये दिन दुर्घटना होने के चलते पशुपालक लक्ष्मीकांत यदु पर एफआईआर दर्ज करने आवेदन दिया है।

# छत्तीसगढ़ में डेढ़ लाख ई व्हीकल, चार्जिंग स्टेशन 290, वो भी केवल रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में करीब 290 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित हैं तथा राज्य में 1 लाख 49 हजार इलेक्ट्रिक वाहन पंजीकृत हैं। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि पब्लिक चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बढ़ाने के लिए पेट्रोल पंपों और इलेक्ट्रिक वाहन विक्रेताओं से चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने में सहयोग देने का आग्रह किया गया है।छत्तीसगढ़ में इलेक्ट्रिक वाहन नीति के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीदी और उपयोगिता को बढ़ावा देने तथा राज्य के विभिन्न स्थानों पर ई-वाहनों के लिए चार्जिंग प्वाइंट की स्थापना के लिए वाहन निर्माता कंपनियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को मंत्रालय महानदी भवन में एक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक परिवहन विभाग के सचिव एस. प्रकाश की अध्यक्षता में हुई, जिसमें छत्तीसगढ़ में कार्यरत विभिन्न इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने एवं चार्जिंग प्वाइंट की स्थापना से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

- ईवी डीलरों से कहा गया बढ़ाएं चार्जिंग स्टेशन की संख्या

### 290 में आधे चार्जिंग सेंटर, रायपुर दुर्ग बिलासपुर में

बैठक में यह भी बताया गया कि राज्य के मुख्यतः रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर जिलों में लगभग 50 प्रतिशत चार्जिंग स्टेशन मौजूद हैं, जबकि शेष 50 प्रतिशत चार्जिंग स्टेशन अन्य जिलों में हैं। जिन जिलों में चार्जिंग स्टेशन की संख्या कम है, वहां प्राथमिकता के आधार पर चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना की जा रही है। राज्य शासन द्वारा चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष उपाय किए गए हैं, जिनमें चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने वाले हितग्राहियों को सब्सिडी प्रदान करने का प्रावधान शामिल है।




फाइल फोटो

### ईवी के डीलर हैं 600

बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि राज्य में लगभग 600 इलेक्ट्रिक वाहन डीलर्स पंजीकृत हैं। उन्होंने अपने सभी शोरूम या विक्रय स्थलों पर अनिवार्य रूप से चार्जिंग प्वाइंट स्थापित करने के निर्देश दिए। समीक्षा में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन्न कंपनियों द्वारा 12,617 इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री की गई है, जो राज्य की ई-वाहन नीति में निर्धारित लक्ष्य से अधिक है। यह रुझान बताता है कि ई-वाहनों की बिक्री में लगातार वृद्धि हो रही है, लेकिन मुख्य चुनौती पर्याप्त और सुलभ ई-चार्जिंग प्वाइंट की उपलब्धता बनी हुई है। इस बैठक में परिवहन विभाग के अपर आयुक्त डी. रविशंकर प्रसाद, संयुक्त परिवहन आयुक्त यूबीएस. चौहान, उप परिवहन आयुक्त मनोज ध्रुव, अन्य विभागीय अधिकार एवं विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक वाहन निर्माता कंपनियों के प्रतिनिधि एवं विक्रेता उपस्थित थे।

# प्रोजेक्ट आओ बांटें खुशियां की शुरुआत, अधिकारी-कर्मचारी बच्चों के साथ मना रहे अपना जन्मदिन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना तथा न्योता भोज के तहत जिला प्रशासन ने प्रोजेक्ट आओ बांटे खुशियां की शुरुआत की है। इसके तहत जिला रायपुर में विभिन्न विभाग में कार्यरत अधिकरियों एवं कर्मचारियों को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी जा रही हैं, वहीं अधिकारी-कर्मचारी भी आंगनबाड़ी एवं शासकीय स्कूलों में जाकर बच्चों के साथ अपना जन्मदिन मना रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को आबकारी विभाग के मुख्य आरक्षक दिगम्बर बुरा ने शासकीय प्राथमिक स्कूल एवं आंगनबाड़ी पारसनगर के बच्चों के साथ अपना जन्मदिन मनाया। उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ जन्मदिन मनाकर मैं बहुत खुश हूं। उनके अलावा स्वास्थ्य विभाग से ममता शर्मा, मनसुख राम वर्मा, रेणुका ठाकुर, गीता कंवर, स्वप्ना नंद ने भी स्कूली बच्चों के साथ अपना जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर बच्चों के साथ केक काटकर उनको केला, बिस्किट, खीर-पूड़ी खिलाकर इस पल को यादगार बनाया।

### कलेक्टर ने 14 कर्मचारियों को मोबाइल पर दी जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं

प्रोजेक्ट के तहत कलेक्टर गौरव सिंह ने भी 14 कर्मचारियों से मोबाइल पर बात कर उन्हें जन्मदिन की पूर्व संध्या को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही जिला प्रशासन की तरफ से सभी 14 कर्मचारियों को एसएमएस से ई-कार्ड के माध्यम से जन्मदिन का बधाई संदेश भेजा एवं एवं नजदीकी आंगनबाड़ी या स्कूल की जानकारी दी, ताकि वे भी अपना जन्मदिन बच्चों के साथ मना सकें।

# कुर्मी समाज ने वीर शहीद को दी श्रद्धांजलि



**पलारी**। समाज से वीर शहीद जिसने अपने अद्भुत साहस व स्फूर्ति का परिचय देते हुए अपने छोटे से कार्यकाल के दौरान नक्सलियों से 97 बार लोहा लेने वाले कुर्मी गौरव वीर शहीद युगलकिशोर वर्मा की नक्सलियों से 98 वी मुठभेड़ में शहीद हुए। उनकी आठवी पुण्यतिथि पर मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पलारी राज की ओर से शहीद के प्रतिमा पर पुष्प माला से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर पलारी राज प्रधान रामखिलावन वर्मा, संरक्षक तेजराम वर्मा, पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष एवं संरक्षक विपिन बिहारी वर्मा, केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश चन्दवंशी, उप राजप्रधान डॉ.डागेश्वर वर्मा, राजमंत्री कार्तिकराम वर्मा, कोषाध्यक्ष मंतराम वर्मा, पूर्व नप अध्यक्ष पलारी अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा, सह सचिव सेवक राम वर्मा, सलाहकार इन्ददेव वर्मा, संगठन मंत्री पवन वर्मा, विवाह प्रभारी भानू वर्मा, आई टी सेल प्रभारी योगेश वर्मा, संतोष वर्मा, हरिशंकर, संकेत , नंदा, हेमंत, केशरी आदि उपस्थित थे।

# शेयर बाजार में मुनाफा देने का झांसा देकर 61 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




देवेंद्र नगर थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात के खिलाफ शेयर बाजार में भारी मुनाफा मिलने का झांसा देकर 60 लाख 85 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जालसाज द्वारा बताई कंपनी के सेबी में रजिस्टर्ड होने की पुष्टि होने के बाद ही पीड़ित ने रकम निवेश की थी। रकम आहरण करने की प्रक्रिया पूरी करने 20 प्रतिशत टैक्स मांगे जाने पर पीड़ित को अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली। इसके बाद उसने थाने में ठगी की शिकायत दर्ज कराई।

- टैक्स देने से इनकार करने पर जालसाज ने मोबाइल ब्लाक किया
- तीन माह पूर्व देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र की घटना

देवेंद्र नगर सेक्टर-2 निवासी शशिकांत शर्मा ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। शशिकांत ने पुलिस को बताया है कि वह प्राइवेट जॉब करता है। इंस्टाग्राम के माध्यम से उसकी पहचान सौजन्या गिल से हुई थी। सौजन्या ने शशिकांत को अपनी कंपनी जैनम ओटीसी ट्रेडिंग कंपनी के बारे में जानकारी दी। सौजन्या ने शशिकांत को अपनी कंपनी द्वारा शेयर ट्रेडिंग के कारोबार से जुड़ा होना बताया। इस पर शशिकांत ने बताई गई कंपनी के बारे में जानकारी जुटाई, तो कंपनी का सेबी से रजिस्टर्ड होना पाया गया। इसके बाद शशिकांत ने सौजन्या की कंपनी में रकम निवेश की। 54 लाख रुपए निवेश करने पर शशिकांत ने राशि आहरण करने अलग से सर्विस शुल्क जमा किया था। सर्विस शुल्क जमा करने के बाद अलग से 20 प्रतिशत टैक्स की राशि जमा करने कहा गया। शशिकांत ने टैक्स की राशि जमा करने से इनकार किया, तो सौजन्या ने शशिकांत का कॉल रिसीव करने से लेकर उसका मोबाइल नंबर ब्लाक कर ठगी का शिकार बनाया।

# सीएमएचओ ने किया लच्छनपुर और कसडोल स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



सीएमएचओ डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने गुरुवार क़ो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लच्छनपुर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल का भ्रमण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायज़ा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

लच्छनपुर में बन रहे 6 बिस्तर भवन की प्रगति क़ा निरीक्षण किया साथ ही अस्पताल में लैब, ओपीडी, प्रसव कक्ष, स्टोर,फार्मेसी, जन औषधि का निरीक्षण किया गया। सीएमएचओ ने एनक्यूएएस हेतु पूरी तैयारी के निर्देश दिए। फार्मासिस्ट का तबादला होने पर व्यवस्था हेतु जीवनदीप से रखने बाबत कहा गया। आयुष्मान कार्ड ब्लाक हेतु डिस्चार्ज पेंडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए । सीएमएचओ ने शासकीय स्कूल का भी भ्रमण कर बच्चों की सेहत बाबत शिक्षकों से चर्चा की । इस दौरान पलारी बीएमओ डॉ. बीएस ध्रुव, कसडोल बीएमओ डॉ रविशंकर अजगल्ले, सर्जन डॉ वाय. के. शर्मा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ वंदना भेले, बीपीएम राजेश डहरिया और मनोज मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### घरेलू नल कनेक्शन में पानी की आपूर्ति ठप

**भटगांव।** नगर के घरेलू नल कनेक्शन में कुछ दिनों से पानी मिलाना बंद हो गया है, जिसका प्रमुख कारण महानदी के जल स्तर नीचे चला जाना बताया जा रहा है। इस कारण लोगों को पानी लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। विदित हो कि नगर में जल आवर्धन योजना के तहत नगर के घरों में घरेलू नल कनेक्शन दिया गया है, जहां घरेलू नल कनेक्शन में महानदी से पानी की सप्लाई की जाती है, वहां के बैराज की सभी गेटों को खोल दिया गया है, जिससे पानी का स्तर नीचे चला जाने के कारण घरेलू नल कनेक्शन में पानी मिलाना बंद हो गया। अभी बरसात का समय है और कई जगह बाढ़ से लोग परेशान है, तो वहीं नगर पंचायत भटगांव में इस



बारिश के मौसम में भी पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। घरेलू नल कनेक्शन के हितग्राहियों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है, घर से बाहर निकल कर पानी की व्यवस्था करना पड़ रहा है। जहां वर्तमान में सुबह बच्चों को स्कूल जाने तथा अन्य लोगों को अनेक कार्य के लिए सुबह-सुबह नहा धोकर काम पर जाना रहता है, ऐसे में पानी घरेलू कनेक्शन में नहीं मिलना लोगों के लिए समस्या बना हुआ है और नगर वासियो को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। वहीं इस संबंध में नल जल अधिकारी बीएल खरे ने कहा कि मैं निरीक्षण करने गया था, जहां बैराज के सभी गेट खोल दिए थे, इसलिए पानी का स्तर नीचे चला गया है, जिससे जल आवर्धन योजना बंद था बैराज का गेट को बंद कराया गया हैं, कुछ दिनों मे पानी मिलने लगेगा।

# बंदरों के आतंक से ग्रामीण परेशान, वन विभाग नहीं दे रहा ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

नगर सहित सभी ग्रामों में बंदरों ने ऐसा आतंक मचा रखा है कि लोग घर से बाहर निकलने में भी घबराते हैं। बंदर कब किस पर हमला कर दें कुछ कहा नहीं जा सकता। काले मुंह के बंदरों के आतंक से लोग इस कदर परेशान हैं कि अपने छतों में जाने से घबराते हैं। बच्चे अकेले घरों से निकलने में डरते हैं वहीं महिलाओं को भोजन पकाते समय भी डंडा लेकर बैठना पड़ता है। बंदर झुंड में आते हैं, बच्चों, महिलाओं के अलावा बुजुर्ग, युवाओं को अकेला पाकर हमला कर देते हैं। दूसरी ओर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों सहित वन विभाग को भी इस समस्या से भली भांति वाकिफ हैं। लेकिन किसी भी जिम्मेदारों को कोई सरोकार नहीं। नगर में बंदरों ने हमला कर कई लोगों को घायल भी कर चुके हैं। कई बार बंदरों से बचने या उन्हें भगाने के चक्कर मे लोग हादसे का शिकार भी हो जाते हैं। लवन सहित कई ग्रामीणों के युवाओं, बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों को बंदरों ने काट कर घायल करने की घटनाएं प्रकाश में आ चुके है। बंदर इतने बेखौफ हो गए हैं कि मकानों की छत की सीढ़ी से उतर कर नीचे आ जाते है और पीछे से हमला कर दिया, जिससे कई बार लोग बहुत बुरी तरह घायल हो जाते हैं। बच्चों से लेकर महिलाओं एवं बुजुर्गों तक को बंदरों ने हमला कर घायल किये जाने की घटनाएं हो चुकी हैं।

## सब्जी भाजी की फसलों को पहुंचा रहे नुकसान



### महिलाएं बच्चों को लेकर भागने को मजबूर

नगर की हालत यह कि बंदर झुंड में छतों पर पहुंच जाते हैं और महिलाएं बच्चों को लेकर भागने को मजबूर हो जाती हैं। बंदरों को भगाने के चक्कर कई लोग अपने हाथ पांव तुड़वा चुके हैं। अनाज, सब्जी कर रहे तबाह- बंदरों ने इतना परेशान कर रखा है कि लोग अपने छतों में कोई भी खानपान सामग्री नहीं सुखा पाते। इसके अलावा बाड़ियों, खेतों एवं घरों में लोग सब्जियां भी नहीं उगा पा रहे हैं क्योंकि वानर दल सब कुछ बर्बाद कर देते हैं। स्थानीय वासियों एवं किसानों का कहना है कि बंदरों के डर से हमने सब्जी लगाना ही छोड़ दिया है। लागत लगाकर यदि सब्जी भाजी लगाते भी हैं तो बंदर आकर नष्ट तो करते ही हैं, लोगों को अकेला पाकर उन पर हमला करके घायल भी कर देते हैं। बंदरों के झुंड को देखकर महिलाएं व बच्चे घरों में कैद रहने को विवश हो गयीं हैं। खाना बनाना मुश्किल हो गया है, बरामदे एवं छत पर यदि कोई सामग्री रखी होती है तो बंदर सब तहस नहस कर देते हैं।

## आयोजन : मोर तिरंगा, मोर अभिमान पर हुई कार्यशाला

# मंडल और शक्ति केंद्र में भाजपा निकालेगी तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





भाजपा जिला बलौदाबाजार के प्रत्येक मंडल एवं शक्ति केंद्र स्तर में तिरंगा यात्रा का आयोजन करेगी। गुरुवार को बलौदाबाजार स्थित जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यशाला में हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी तय करके कार्ययोजना को अंतिम स्वरूप दिया गया। कार्यशाला में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि- तिरंगा यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि यह देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है उन्होंने निर्देश दिया सभी कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ क्षेत्र को तिरंगामय करने ताकत झोंक दे। मुख्य वक्ता विक्रांत सिंह ने कहा कि- किसी भी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सबसे पहले उसका वातावरण तैयार करना आवश्यक है। जब जनमानस इस अभियान से जुड़ जाएगा, तो यह स्वतः ही ऐतिहासिक बन जाएगा।

कार्यशाला की अध्यक्षता आनंद यादव ने की उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को कहा इस कार्यक्रम को सर्वोच्च जिम्मेदारी मानकर गंभीरता पूर्वक सफलता दिलाने में जुट जाएं यह आग्रह किया।

अभियान की सफलता हेतु विभिन्न नेताओं और पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा गया। 10 से 12 अगस्त में प्रत्येक मंडल में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यात्रा के दौरान युद्ध वीरों, शहीदों के सम्मान में बैनर प्रदर्शित किए जाएंगे। यात्रा के दौरान शहीदों व देशसेवा में प्राण न्योछावर करने वाले पुलिसकर्मियों के घरों पर



जाकर उनके परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। 12 से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्मारकों और महत्वपूर्ण स्थलों के आसपास विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 13 से 15 अगस्त तक प्रत्येक घर, संस्था, दुकान और प्रतिष्ठान पर तिरंगा फहराने की जिम्मेदारी पार्टी कार्यकर्ता निभाएंगे। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर मौन जुलूस, संगोष्ठी, विभाजन प्रभावित परिवारों से भेंट एवं प्रदर्शनी का आयोजन होगा। 15 अगस्त की शाम को तिरंगे को सम्मान पूर्वक उतारने की व्यवस्था की जाएगी। कार्यशाला मंच का संचालन जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी ने किया एवं आभार जिला महामंत्री राकेश तिवारी ने किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, प्रदेश मंत्री श्यामबाई साहू, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, योगेश चंद्राकर, प्रमोद शर्मा, डॉ. अजय राव, टेसूलाल धुरंधर, नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, नपा अध्यक्ष अशोक जैन, दुर्गा महेश्वर, पवन साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# श्री बालाजी मंदिर में हुआ पार्थिव अभिषेक

**खरोरा।** नगर के ह्रदय स्थल स्थित श्री बालाजी दरबार में मंदिर द्वारा पार्थिव शिव निर्माण पूजन महोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन प्रमुख पं. धनंजय शर्मा ने बताया कि सावन के महीने के त्रयोदशी तिथि को शिव पवित्रारोपण के नाम से जाना जाता है, यह तिथि बहुत ही महत्वपूर्ण होती है। इसलिए इस तिथि में हर साल पार्थिव शिवलिंग अभिषेक का कार्यक्रम रखा जाता है, जिसमें नगर के श्रद्धालु सम्मिलित होते हैं। इस कार्यक्रम में असंख्य शिवलिंग निर्माण कर अभिषेक किया गया। पश्चात विसर्जन के लिए गाजे बाजे के साथ तालाब ले जाकर विसर्जित किया गया। पंडित ने बताया कि इस पूजन के लिए नगर के श्रद्धालू उत्साहित रहते हैं और बड़े उत्साह से इस पूजन में सम्मिलित होते हैं।





# मेगा पालक-शिक्षक बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर



यहां की स्कूल में पालक शिक्षक हुई। प्राचार्य एस एल पटेल एवं चंद्राकर ने 11 बिंदुओं पर विशेष चर्चा की। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष सबद राम यादव, अंतराम साहू, सरपंच अनुज साहू, अध्यक्ष पूर्व मा. विद्यालय खम्हारिया नारायण साहू, दुबे प्रसाद यादव, लक्ष्य राम साहू, सहनू कर्स, उप सरपंच प्रहलाद दास, मिठुदास मानिकपुरी, शेखर एवं शाला विकास समिति सभी अन्य सदस्यगण ग्राम पंचायत खम्हारिया के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# नगर पालिका अध्यक्ष ने किया सामुदायिक भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



अधोसंरचना मद से 10 लाख की लागत से वार्ड 15 में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र माहले एवं वार्ड 15 की पार्षद डिगेश्वरी नामदेव द्वारा किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम शिला पट्टिका का लोकार्पण और सामुदायिक भवन में फीता काटकर प्रवेश किया गया, तत्पश्चात पूजा अर्चना की गई। सामुदायिक भवन लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर पार्षद जितेंद्र डड़सेना, सलमान शेख, रोहित साहू, आदित्य गुप्ता, श्रद्धा मनीष वर्मा, संतोषी गोविंद पात्रे, ममता सुभाष राव, सुरेश घृतलहरे सहित वार्ड वासी उपस्थित थे। वार्ड 15 में सामुदायिक भवन के निर्माण किए जाने से वार्ड में होने वाले कार्यक्रमों के लिए वार्डवासियों को एक सुरक्षित स्थान प्राप्त होगा, जिसमें छोटे-मोटे कार्यक्रम निष्पादित किए जा सकेंगे, जिससे वार्ड में वार्ड वासियों के मध्य प्रसन्नता का माहौल है। इसके लिए नगर पालिका अध्यक्ष एवं पार्षदगणों के प्रति वार्ड वासियों ने आभार व्यक्त किया आयोजित भवन लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर वार्ड के भोला सिंह ठाकुर, पीयूष नामदेव, राजू साहू, मानक ठाकुर, कमलेश यादव, नागेश साहू, गंगा यादव, पुन्नी बाई यादव, प्रीति ठाकुर, संजय यादव सहित वार्ड वासी उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### रक्षाबंधन मिलन समारोह...

सिंह ने बच्चों से उनके अध्ययन संबंधी सवाल पूछे, जिनका बच्चों ने हर्षोल्लास से उत्तर दिया। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और उत्साह देखते ही बन रहा था। पुलिस अधिकारियों के साथ यह मिलन समारोह बच्चों के लिए यादगार बन गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को पुलिस विभाग की ओर से उपहार भी भेंट किए गए। वहीं दोनों विद्यालयों के प्राचार्यों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर एसडीओपी निधि नाग, उप पुलिस अधीक्षक यातायात अमृत कुजूर, उप पुलिस अधीक्षक तुलसी लेकाम, उप पुलिस अधीक्षक अजाक अपूर्वा क्षत्रिय, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय राजेश श्रीवास्तव, उप पुलिस अधीक्षक सी. तिर्की तथा यातायात पुलिस कार्यालय एवं रक्षित केंद्र के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### आत्मानंद स्कूल में ...

सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे मूल्यों को जागृत करने का उद्देश्य सफलतापूर्वक पूरा हुआ। कार्यक्रम की सराहना करते हुए शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के शिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने आयोजन समिति एवं विद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई और साधुवाद प्रेषित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में संस्कार और संस्कृति के बीज रोपित होते हैं, जो उनके चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### शहर में सजीं ...

लिए मंगाई हैं। विभिन्न प्रकार के वैरायटी के स्टाइलिश और डिजाइनिंग वाले रंग-बिरंगी राखियां बहनों का मन लुभा रही हैं। सबसे अधिक क्रेज धागों राखी का है। बाजार में इस समर्थ सबसे सस्ती राखी 10 रुपए जबकि सबसे महंगी राखी 500 रुपए तक की है। सड़क किनारे सजी दुकानों पर सुबह से देर रात तक बहनें खरीदारी करते नजर आ रहे हैं।

### अंतरराष्ट्रीय मंच पर...

की रितु सिंह प्रदेश के महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष को भी उनके उत्कृट कार्यों व नेतृत्व क्षमता के लिए विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान से पहले ही खैरागढ़ की बेटी जो कि राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला विंग नार्थ जोन राजलक्ष्मी तिवारी को राष्ट्रीय सम्मान दिया गया। ज्ञात हो कि रितु सिंह नगर पंचायत भटगांव के मुख्य नगर पालिका अधिकारी की पत्नी है, जो समाजिक कार्यों में हमेशा बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेती है और उनके द्वारा नगर भटगांव के उत्कृष्ट विद्यार्थियों की सम्मान समारोह का आयोजन कर सम्मानित भी किया गया। रितु सिंह ने कहा कि यह सम्मान छत्तीसगढ़ की बेटियो का सम्मान है, जो बेटियां समाज को नई दिशा के साथ आगे बढ़ाने में हमेंशा तत्पर रहती है।

### बिजली बिल में ...

बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर आम जनता की कमर तोड़ दी है। उन्होंने बताया कि पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार ने महंगाई से राहत देने के उद्देश्य से यह योजना लागू की थी, जिससे अधिकांश घरेलू उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिल रहा था। आम तौर पर घरों में 300 से 400 यूनिट तक ही बिजली की खपत होती है, जिससे लाखों परिवारों को राहत मिल रही थी।

डॉ. वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार पहले स्मार्ट मीटर के नाम पर उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त भार डाल चुकी है और अब योजना समाप्त कर महंगाई की मार को और भी भयंकर बना रही है।

### पटवारियों की ऑनलाइन ...

अलावा नामांतरण, बंटवारा, फौती, त्रुटि सुधार जैसे राजस्व संबंधी कार्यों के साथ-साथ केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना डीएससी का भी संचालन बाधित हो सकता है, जो कि 16 अगस्त से प्रारंभ होनी है। पहले भी मिला था, सिर्फ आश्वासन- संघ ने आरोप लगाया है कि पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार ने भी संसाधन भत्ता देने की घोषणा की थी, जिसे बजट में पारित किया गया था, लेकिन व्यवहार में उसे लागू नहीं किया गया। अब फिर से इतिहास दोहराया जा रहा है, जिससे पटवारियों में रोष है। बलौदाबाजार जिले में कुल 257 हल्के हैं, जिनमें 207 पटवारी पदस्थ हैं। हड़ताल की स्थिति में जिले में राजस्व से संबंधित सभी कार्य ठप पड़ सकते हैं। इससे न केवल किसान, बल्कि छात्र, छात्राएं और बेरोजगार युवक-युवतियां भी प्रभावित होंगे, जिन्हें आय, जाति, निवास, भू-अधिकार प्रमाण पत्रों की आवश्यकता होती है।

### पर्यावरण संरक्षण और...

पार्षद रोहित साहू, हरजीत सिंह सलूजा, जितेंद्र डड़सेना, गौतम चौहान, मनोजकांत पुरैना, आदित्य गुप्ता, लोकेश चेलक, सलमान शेख, पार्षद प्रतिनिधि शिव भूषण शुक्ला, गोविंद पात्रे, रवि फेकर, राजप्रधान सुनीता वर्मा, प्रणम्य पांडे, रितेश श्रीवास्तव,योगेश अग्रवाल, रवि साहू ,मयूर जैन सहित नगर पालिका के अधिकारी उप अभियंता विनोद यादव, स्वच्छता निरीक्षक मनोज कश्यप, लेखपाल दुर्गेश साहू, राजस्व प्रभारी प्रसून शर्मा, अमित वर्मा गणेश पांडे, सत्येंद्र सिन्हा, पीआईयू नमिता ठाकुर, रामनरेश मतावले, रजनीश मिश्रा, विशाल पाड़े, कृष्णा सहित अन्य जनप्रतिनिधि व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# पेंड्रावन जलाशय में 13 फीट जलभराव



**बंगोली।** पेंड्रावन जलाशय बंगोली मे बारिश के चलते कुल 13 फीट पानी जलभराव हुआ है। बंगोली सहित दर्जनभर से अधिक ग्रामों के जीवनदायिनी माने जाने वाले पेंड्रावन जलाशय में जल भराव की क्षमता 19 फीट है, परंतु अंग्रेज जमाने में निर्मित होने से जलाशय पार कहीं-कहीं कमजोर है जिसको देखते हुए सिंचाई विभाग बंगोली, रायपुर के निर्देशानुसार पानी की जलभराव को कम किया है, बावजूद इसके दर्जनभर से अधिक ग्रामों की हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित करती है। जलाशय भरने से उक्त सभी ग्रामों के कृषकों के आँखों मे खुशी देखी जा सकती है। अकाल दुकाल के समय मे भी पेंड्रावन जलाशय की कृपा से क्षेत्र में किसानों ने लागत मूल्य प्राप्त की थी जबकि अन्य क्षेत्र में मवेशी के लिए पैरा नसीब नहीं था । ये वही पेंड्रावन जलाशय है जिलको मृत बताकर पूर्व सरकार भाजपा के शासन काल में सीमेंट कंपनी को लीज में दे दिया था, जबकि उस समय धरसींवा क्षेत्रिय विधायक देवजी भाई पटेल थे। क्षेत्रिय किसानों ने उक्त जलाशय के लिये लड़ाई लड़ी और पुनः पेंड्रावन जलाशय जीवित रुप में 13 फीट पानी लिये हुए खड़ी है ।

# सोलर पैनल लगाने के लिए शासन से मिलेगा अनुदान

**अर्जुनी।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के प्रचार प्रसार एवं लाभान्वयन के लिए 7 अगस्त को विद्युत वितरण विभाग द्वारा कनिष्ठ यंत्री कार्यालय बिजली ऑफिस अर्जुनी में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जेई अभिषेक लकड़ा ने उपस्थित कर्मचारियों एवं उपभोक्ताओं को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के तहत सोलर पैनल लगाने बैंक से ऋण सुविधा अनुदान एवं दीर्घकालिक बचत की जानकारी साझा की। इसमें उपभोक्ताओं को कहा कि पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना से ऊर्जा दाता बने यह प्रदूषण मुक्त है। शासन भी सौर ऊर्जा की ओर अग्रसर है। सोलर पैनल छत में लगाना है, जिसमें निश्चित स्थान का चयन करें, जहां पर सूर्य की किरण पड़े वहां लगाना होता है। इसकी लागत 3 किलो वाट पर एक लाख 75 हजार तक आना है, जिसमें एक लाख 8 हजार का अनुदान



मिलेगा। वास्तव में 75 हजार ही चार्ज होना है, इसमें बैंक लोन की सुविधा है, जिसमें उपभोक्ता का खाता जिस बैंक में है, वहां से ऋण सुविधा का लाभ मिलेगा साथ ही अप्लाई कैसे करना है इसके बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर में जेई अभिषेक लकड़ा कार्यालय सहायक राजेश गेन्ड्रे, ऋषि साहू, द्वारिका साहू, रमेश कुमार वर्मा, सुशील साहू, धनीराम घृतलहरे, आनंद राम मारकंडे, नरेंद्र घृतलहरे, धजा राम साहू, शुभम साहू, गौरव निर्मलकर, कामता प्रसाद साहू, मनीष घृतलहरे, दिगपाल सहित उपभोक्ता एवं विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# सड़क मरम्मत की शुरुआत, ग्रामीण बोले यह सिर्फ खानापूर्ति है



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

बलौदाबाजार से सुहेला होते हुए हथबंद की ओर जाने वाली सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने आवाज उठाई। छत्तीसगढ़ क्रांति सेवा एवं जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी द्वारा इस मुद्दे पर कलेक्टर बलौदाबाजार के नाम तहसीलदार सुहेला को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें 7 दिनों के भीतर सड़क मरम्मत कार्य शुरू करने की मांग की गई थी। ज्ञापन में यह भी स्पष्ट किया गया था कि यदि तय समय सीमा में कार्य आरंभ नहीं किया गया, तो आंदोलन किया जाएगा। इस खबर को हरिभूमि ने 2 अगस्त को प्रमुखता से प्रकाशित किया, जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया। 7 दिनों के भीतर ही सड़क पर गिट्टी डालने का कार्य शुरू कर दिया गया है, जिसे लेकर प्रशासन द्वारा पहल की सराहना की जा रही है। लेकिन वहीं, संगठन और ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल औपचारिकता निभाने जैसा है।ग्रामीणों का आरोप है कि गिट्टी के साथ मिट्टी भी डाली जा रही है, जो बारिश के पानी में बह जाएगी और समस्या जस की तस बनी रहेगी। ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क मरम्मत कार्य को मजबूती और गुणवत्ता के साथ किया जाए, ताकि आने-जाने वाले यात्रियों, छात्रों, किसानों और व्यापारियों को स्थायी राहत मिल सके।

PAWAN CONSULTANCY
● MBBS, MS/MD ● B. Tech, M. Tech., B. Arch, M. Architecture
● BDS, MDS ● AGRICULTURE, FASHION, INTERIOR
● BAMS ● ITI, POLYTECHNIC, FILM INDUSTRY
● BHMS ● BBA, MBA
● BNYS ● LLB, LLM
● BPT ● BCA, MCA
● NURSING ● VETERINARY
● PARAMEDICAL ● B.Lib, M.Lib
● D. PHARMA ● Nursery to Class 12th (All subject)
● B. PHARMA ● All Other (B.A. (Hons.) B.Sc., B.Com, BCA, BJMC)
● M. PHARMA ● PHD, NEET, JEE, CAT, PSC, TALLY ADMISSION
We See A DOCTOR in You
"Let's Build Your Medical Career Together"
We Provide Govt., Deemed University, NRI & Management Quota Seat Guidance & Admission
Contact for
BSC, MSC Nursing Free Admission In New Raipur
Govt./Pvt. Universities & Collages DCA/PGDCA/ Tally Admission with Job Placements
● Engineering Pharmacy On Upto 100% Scholarship
● Education Loan Facility ● On The Spot Admission
Omkar Palace, Kushalpur Chowk, Ring Road-1, Raipur 492001
Shop No. 28, Ground Floor, Hira Arcade, Pandri, Raipur 492004
9993234534, 8305305366

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
08 अगस्त 2025 SHOW TIME
महा अवतार नरसिम्हा
शो समय - 12,3,6,9 PM
अंदाज - 2
शो समय - 12 PM,6 PM
उदयपुर फाइल्स-कन्हैया लाल मर्डर
शो समय - 3 PM
सन ऑफ सरदार - 02
शो समय - 9 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### यज्ञशाला में मानस पाठ हवन पूजन अनुष्ठान 10 को

**भाटापारा।** सबके राम, सबमे राम की अवधारणा के साथ समस्त मानस प्रेमियों की भागीदारी से सरयू साहित्य परिषद द्वारा 16 अप्रैल 2023 से प्रत्येक रविवार को रामचरितमानस पाठ एवं आख्यान की कड़ी जारी है। यज्ञशाला नाका नंबर एक में आयोजित होने वाले इस महत्वपूर्ण अनुष्ठान जिसमें संपूर्ण रामचरितमानस के पठन का संकल्प निर्धारित है, उसकी पूर्णता दस अगस्त को सुंदरकांड पाठ हवन पूजन एवं प्रसादी वितरण से होगी। यज्ञशाला नाका नंबर एक में दोपहर तीन बजे आयोजित होने वाले मानस पाठ पूर्णता हवन पूजन अनुष्ठान में अधिक से अधिक भागीदारी की अपील सरयू साहित्य परिषद द्वारा की गई है।

### निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए अधिसूचना जारी

**बलौदाबाजार।** जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में नियोजन हेतु जिला रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार द्वारा प्लेसमेंट, रोजगार मेला का आयोजन किया जाता है। आयोजन के लिये जिले के समस्त निजी क्षेत्र के नियोजक जिनके संस्थान में नियोजन हेतु रिक्त स्थान पद हो, वे नियोजक कार्यालय के ईमेल या कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी रिक्तियों संबंधित अधिसूचना जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु जिला रोजगार कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

### रिटायर्ड पुलिस कर्मचारी की बाइक चोरी

**महासुंद।** बसना के बाजार से एक रिटायर्ड पुलिस कर्मी की बाइक चोरी हो गई। बसना पुलिस को गेर्राभांठा निवासी लक्ष्मण कुमार भोई ने बताया कि वह 12 जुलाई को अपने रिश्तेदार प्रफुल्ल कुमार साहू निवासी चट्टीगिरोला थाना सरायपाली के मोटर साइकिल स्प्लेंडर प्लस क्रमांक सीजी06जीएच3717 को लेकर बसना के बाजार आया था, जहां रामलाल डडसेना के ठेला के पास बाइक को खड़ी किया था। बाजार से वापस आने पर उक्त जगह पर बाइक नहीं थी। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## निधन

### घनाराम साहू



**पलारी।** ग्राम देवसुंद्रा निवासी घनाराम साहू 75 वर्ष का निधन हो गया। उन्होंने आजीवन ब्रम्हचर्य का पालन किया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। वे लछमन, नेतराम, शंकर, कुलेश्वर साहू के चाचा थे।

# शिक्षा के बिना संस्कारित समाज की कल्पना असंभव : इन्द्र साव

## प्रतिभावान सम्मान समारोह में विधायक साव ने बच्चों को किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

किसी भी समाज के उत्थान की पहली सीढ़ी शिक्षा है और जिस समाज में ज्यादा साक्षर लोग होंगे, वो समाज निरंतर प्रगति पथ के रास्ते पर आगे बढ़ते रहेगा। हमारे लिए खुशी की बात है समाज के बच्चे भी अपनी पढ़ाई को रुचि में शामिल करते हुए मन लगाकर पढ़ाई कर रहे हैं। उक्त बातें समरसता भवन मोपका में आयोजित परीक्षेत्रीय साहू समाज के प्रतिभावान सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक इन्द्र साव ने अपने संबोधन में कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता पन्नालाल साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ एवं कोमल साहू अध्यक्ष मोपका परीक्षेत्र,नगर अध्यक्ष राजेश साहू, सहदेव साहू अध्यक्ष मोपर परिक्षेत्र, दयालूराम साहू अध्यक्ष तरेंगा परीक्षेत्र के विशेष अतिथी के रूप में मंचस्थ थे। इस दौरान साहू समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं एवं समाज के सेवानिवृत वरिष्ठ जनों का सम्मान हुआ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से सोमेंद्र साहू, रोहित साहू, केशव साहू, मनोज साहू, लकेश्वर साहू, नोहर साहू, पुनीत साहू, कौशलेंद्र साहू, जीत नारायण साव, सत्यजीत शेंडे, कौशल साहू, कोमेंद्र साहू, लखन साहू, गुनाराम साहू, पुसऊ साहू, सुन्दर साहू, मनीराम साहू, सुनहर साहू, सुखदेव साहू, शोभित साहू, मोहित साहू सहित काफी संख्या में सामाजिक लोग और प्रतिभावान बच्चों के पालकगण उपस्थित थे।



### बच्चों को लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने की दी प्रेरणा

विधायक इन्द्र साव ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्कारित समाज की कल्पना शिक्षा के बिना संभव नहीं है। समाज में स्वच्छ वातावरण के लिए खुद को शिक्षित करने के साथ साथ अपने आस पास के लोगों को भी शिक्षा के प्रति प्रेरित करना हम सब की जवाबदारी होनी चाहिए। विधायक ने कहा कि समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति का विकास होगा तभी हम अपने समाज को विकसित और प्रगतिशील समाज के रूप में देख सकते हैं। समाज में जब ज्यादा से ज्यादा लोग शिक्षित होते हैं तब वह अन्य समाज के लिए एक उदाहरण होता है। विधायक साव ने इस दौरान सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी मेहनत और काबिलियत के लिए उनकी प्रशंसा करते हुए अपना लक्ष्य लेकर आगे की पढ़ाई करने कहा।

## गो और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ हुआ जागरूकता कार्यक्रम

# सेम्हराडीह व पिपराही में आवारा मवेशियों को लगाई गई रेडियम पट्टी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

गो संरक्षण और पर्यावरण चेतना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम सेम्हराडीह और पिपराही में भारत माता सेवा ट्रस्ट द्वारा एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सड़कों पर विचरण करने वाली गायों की सुरक्षा हेतु उनके सींगों पर रेडियम पट्टी लगाई गई, जिससे रात के समय दुर्घटना की संभावना को कम किया जा सके। साथ ही ग्राम सेम्हराडीह एवं पिपराही में श्मशान घाट और स्कूल प्रांगण में बादाम के 10-10 पौधे लगाए गए। पौधारोपण के इस कार्य का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में हरियाली को बढ़ावा देना और भावी पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण की सौगात देना है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित भारत माता सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष टेसूलाल धुरंधर ने कहा, गाय हमारी माता है और उसका संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। हमें वर्षा ऋतु में उनके लिए पर्याप्त चारे की व्यवस्था करनी चाहिए तथा सड़कों पर विचरण करने वाली गायों को सुरक्षित रखने के लिए रेडियम पट्टी आवश्यक है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे अपने पशुओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें, जिससे पुण्य की प्राप्ति हो सके और पशुओं का जीवन भी सुरक्षित रहे। इस अवसर पर ट्रस्ट के कार्यक्रम संयोजक नीरज परगनिहा, विनय गुप्ता, छत्रपाल यादव, हुसैन नौरंगे, हेमंत वर्मा, शुभम बंजारे, गौरव सेन, भुवनेश्वर साहू, राहुल ध्रुव, सूरज तिवारी, बाबूलाल यादव, विनोद घृतलहरे, शिवम यादव, महेश वर्मा, लेहसिंग, सागर वर्मा, वैभव वर्मा, भूपेंद्र तिवारी, बलराम वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।




## शहर में निर्माणाधीन गौठान का निरीक्षण करने पहुंचे नपा अध्यक्ष शर्मा



भाटापारा। नगर पालिका क्षेत्र में निर्माणाधीन गौठान का निरीक्षण नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए शीघ्रता से निर्माण पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

उन्होंने कहा नगर क्षेत्र में निर्माणाधीन गौठान केवल एक संरचना नहीं, बल्कि हमारे नगर के बेसहारा एवं असहाय पशुधन के लिए सेवा, सुरक्षा और संवेदना का केंद्र बनेगा। यह पहल पशुधन कल्याण के साथ-साथ शहर की यातायात व्यवस्था को भी सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाएगी। मेरा प्रयास है कि शीघ्र ही इस गौठान को पूरी तरह कार्यशील बनाकर, नगर को सड़कों पर विचरण कर रहे मवेशियों की समस्या से मुक्त किया जाए। नर-नारायण सेवा की भावना को साकार करते हुए यह गौठान समर्पित सेवा का प्रतीक बनेगा।नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि यह पहल न केवल नर-नारायण सेवा की भावना को साकार करती है, बल्कि शहरी यातायात व्यवस्था में अनुशासन और समन्वय स्थापित करने की दिशा में भी एक प्रभावी प्रयास सिद्ध होगी।

इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़यिा सभापति मनीष मिश्रा मुख्य नगर पालिका अधिकारी जफर खान एवं नगर पालिका के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## विश्व स्तनपान सप्ताह पर निकाली जागरूकता रैली...



बलौदाबाजार| आयुष विभाग बलौदाबाजार द्वारा गुरूवार को सिमगा विकासखण्ड के आयुष ग्राम हथबंद आगनबाड़ी केन्द्र में विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत स्तनपान जागरूकता शिविर एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं को स्तनपान का महत्व बताते हुए शतावरी चूर्ण, अश्वगंधा चूर्ण, सौभाग्य शुंठी पाक, द्राक्षासव आदि आयुर्वेदिक दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर में डॉ. नम्रता सिंघानिया, फार्मासिस्ट गोविंद पैकरा, आंगबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका, मितानिन सहित बड़ी संख्या महिलाएं उपस्थित रहीं।

# खेतों में घटने लगी नमी, पीली पड़ने लगी धान की फसलें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिरमी-रावन

सिमगा ब्लॉक के ग्रामीण अंचलों में इन दिनों बारिश की कमी के कारण धान की फसलें सूखने लगी हैं। कई गांवों के किसानों ने बताया कि जुलाई में कुछ दिनों तक अच्छी वर्षा होने से खेतों में धान की बोवाई कर दी गई थी, लेकिन अब पिछले कई दिनों से वर्षा नहीं होने के कारण खेत सूखने लगे हैं और धान के पौधे पीले पड़ने लगे हैं। फसल की यह स्थिति देखकर किसान चिंता में हैं। जिन खेतों में नमी कम है या जलधारण क्षमता कम है, वहां धान के पौधों की बढ़वार रुक गई है और वे मुरझाने लगे हैं। खासकर ऐसे खेतों में, जहां पानी का भराव नहीं है या सिंचाई की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है, वहां नुकसान अधिक देखा जा रहा है। बोरवेल वाले किसान जैसे-तैसे अपने खेतों में पानी देने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन बिजली की आंख-मिचौली के चलते वे परेशान हैं। दिनभर में दर्जनों बार बिजली कटने के कारण सिंचाई कार्य बाधित हो रहा है, जिससे समय पर खेतों में पानी डालना संभव नहीं हो पा रहा। किसानों का कहना है कि यदि आने वाले एक सप्ताह में अच्छी बारिश नहीं हुई, तो फसल पूरी तरह से नष्ट हो सकती है। इस बार बारिश की अनियमितता ने खेती को असमय संकट में डाल दिया है। कृषि विशेषज्ञों की मानें तो अगर जल्द ही वर्षा नहीं होती है, तो किसानों को वैकल्पिक फसल प्रणाली पर विचार करना पड़ सकता है।



किसानों ने शासन से अपील की है कि वे स्थिति का निरीक्षण कर आवश्यक सलाह और सहयोग प्रदान करें। बारिश की आस में किसान आज भी आसमान की ओर टकटकी लगाए हुए हैं।

# राज्यपाल पुरस्कार के लिए 36 छात्रों को कराया गया अभ्यास



**मुंडा।** विकासखंड बलौदाबाजार में भारत स्काउट एंड गाइड द्वारा शिक्षा सत्र 2025 -26 के लिए राज्यपाल पुरस्कार पूर्वाभ्यास कार्यशाला एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और सरस्वती शिशु मंदिर सरखोर, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोहरौद, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पैंजनी, गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल बलौदाबाजार, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रसेड़ा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डमरू के कुल 13 स्काउट, 11 गाइड, 10 स्काउट, 2 गाइडर इस प्रकार 36 लोगों ने भाग लिया। इसके पूर्व अभ्यास जांच शिविर में स्काउट गाइड यूनिफॉर्म, आधारभूत तत्व, आंदोलन की जानकारी, बीपी सिक्स, प्राथमिक उपचार, ध्वज, प्रार्थना, सैल्यूट, हाथ मिलाना, नक्शा, कंपास, आग बुझाना, सूर्य नमस्कार ,हाईक, मानसभा, विभिन्न गांठे, ट्रेसर पर चर्चा कर प्रश्न पूछा गया। लाख बुक निर्माण पर भी चर्चा एवं जांच कर सुझाव लिए गए। इस पूर्व अभ्यास कार्यशाला एवं जांच शिविर में स्काउटर, योगेंद्र सोनवानी, नरेंद्र कुमार वर्मा, चूड़ामणि वर्मा, गंगाराम वर्मा, मथुरा प्रसाद वर्मा, पारसनाथ वर्मा, नरेंद्र कुमार साहू, लहाराम मनहरे, भगवत प्रसाद चंद्राकर, धनेश कुमार वर्मा, गाइडर माधुरी श्रीवास, भानु शर्मा आदि ने भाग लेकर अपना सहयोग रहा।

## कोदवा के आंबा केन्द्र के पास पसरी गंदगी

**भाटापारा।** ग्राम पंचायत कोदवा में आंगनबाड़ी केन्द्र बजार चौक के पास गंदगी ही गंदगी है। गांव के मुख्य सड़क मार्ग पर लोग कचरा फेंक रहे हैं, जो इधर उधर फैल रहा है। ग्रामीण सुनील वर्मा, शिव वर्मा, बरातू केवट, राम खेलावन, रवि वर्मा, ओम प्रकाश वर्मा ने बताया कि गांव के चारों तरफ कचरा ही फैला हुआ है। आंगनबाड़ी केन्द्र के पास किचड़ और गंदगी है। इससे गांव व आंगनबाड़ी के छोटे बच्चों को बीमारी होने का खतरा बना हुआ है, जिसमें ग्राम पंचायत साफ-सफाई कि ओर ध्यान बिल्कुल भी नहीं दे रहा है।



## महर्षि वेद व्यास की याद में कॉलेज में हुई व्यास पूजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

भगवान विष्णु के अवतार राम और कृष्ण ने गुरुकुल में रहकर क्रमशः अपने गुरु महर्षि वशिष्ठ और सांदीपनी के सान्निध्य में रहकर शिक्षा ग्रहण कर आदर्श चरित्र प्रस्तुत किए हैं। शिक्षा का उद्देश्य चरित्र निर्माण है। ज्ञान हम बुद्धि से प्राप्त करते हैं, दिल से अर्थात मनोयोगपूर्ण भी हमें प्राप्त करना चाहिए। उक्त बातें स्व. रामप्रसाद देवांगन शास. महाविद्यालय, खरोरा में आयोजित व्यास-पूजा (गुरु पूजा) कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालिका राजयोगिनी उमा ने कहीं। प्राचार्य डॉ. शंपा चौबे ने कहा कि महर्षि वेद व्यास की जयंती को हम लोग गुरु-पूर्णिमा के रूप में मनाते हैं। शासन के निर्देशानुसार गुरुओं, शिक्षकों के प्रति घटते आदर भाव को भावी पीढ़ी में पुनर्स्थापित करने हेतु महाविद्यालय में व्यास-पूजा कार्यक्रम का आयोजित है। विश्व गुरु के पद पर आसीन रहा भारत पूरी दुनिया के ज्ञान का केंद्र था। यहां की गुरुकुलीय शिक्षा परंपरा उल्लेखनीय है। तक्षशिला, नालंदा जैसे ज्ञान केंद्र हमारे यहां हुए हैं। आचार्य चाणक्य ने अपने सामर्थ्य, शिक्षा से एक सामान्य से बालक चंद्रगुप्त को मगध के सम्राट के रूप में स्थापित किया।

■ कार्यक्रम में शामिल हुईं ईश्वरीय विवि की संचालिका राजयोगिनी उमा



माता-पिता प्रत्येक व्यक्ति के प्रथम गुरु होते हैं। हमें अपने शिक्षकों, गुरुजनों के प्रति सम्मान का भाव रखना चाहिए। तत्पश्चात ब्रह्मकुमारी दीदीयों ने विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को रक्षा सूत्र बांधकर प्रसाद बांटे।




## छात्रसंघ के पदाधिकारियों ने ली गोपनीयता की शपथ

# पूनम छात्रसंघ अध्यक्ष और युवराज उपाध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिरमी-रावन

सिमगा ब्लॉक के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल मोहरा में छात्रसंघ चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत संपन्न हुआ। चुनाव कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में की गई, जिसमें विद्यार्थियों को मतदान, नेतृत्व और गोपनीयता का महत्व बताया गया।

छात्रसंघ चुनाव के तहत विभिन्न पदों के लिए छात्रों द्वारा नामांकन प्रस्तुत किया गया और मतदान प्रक्रिया पूर्ण निष्पक्षता से कराई गई। इस चुनाव में कक्षा 12वीं की छात्रा पूनम वर्मा को सत्र 2024-25 के लिए छात्रसंघ अध्यक्ष चुना गया, जबकि उपाध्यक्ष पद के लिए कक्षा 11वीं के युवराज वर्मा को चयनित किया गया। खेल सचिव के रूप में राहुल गेंड़रे, सांस्कृतिक सचिव के रूप में साधना जांगड़ा, पर्यावरण सचिव पद हेतु नेहा कुर्रे, स्वच्छता सचिव के रूप में टिकेश्वरी यादव तथा अनुशासन सचिव पद पर चंद्रदेव घृतलहरे को चयनित किया गया। वहीं छात्र प्रतिनिधि के रूप में गृतिका जनस्वामी को चुना गया। नव-निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को विद्यालय के प्राचार्य केपी राय द्वारा गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के समन्वयक श्रीमार्कण्डेय, कैवर्त्य डी.पी. वर्मा, कोमल कटारिया, प्रेम नारायण नायक, सोनाली ठाकुर, अनुजा बंजारे, रेखा वर्मा सहित समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में गजब का उत्साह देखने को मिला। यह आयोजन विद्यालय में नेतृत्व क्षमता के विकास एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की शिक्षा का एक सफल प्रयास रहा।



